भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2070

गुरुवार, 4 जुलाई, 2019/13 आषाढ़, 1941 (शक)

टोल दरों के लिए राष्ट्रीय नीति

2070. श्री गिरीश भालचन्द्र बापटः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों से टोल दरों को वसूलने के लिए क्या मापदंड निर्धारित किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए मौजूदा टोल दरों को संशोधित करने और वाहनों के प्रकारों को पुनर्वर्गीकृत करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय नीति लाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने टोल प्रणाली में सुधार करने हेतु एक मसौदा नीति तैयार करने के लिए एक परामर्शदात्री फर्म की सेवाएं ली हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी कारों पर लगने वाले टोल प्रभार में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या इससे कार उपयोगकर्ताओं के परेशान होने और विभिन्न वर्गों द्वारा असंतोष व्यक्त किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रयोक्ता शुल्क दरें राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 और यथा संशोधन के अनुसार तय की जाती हैं। आधार दरें प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से वार्षिक रूप से संशोधित की जाती हैं। उक्त नियमों के अनुसार दरें, आधार वर्ष 2007-08 के लिए निम्नलिखित हैः-

वाहन का प्रकार	**प्रति किमी शुल्क की आधार दर (रुपए में)**
कार, जीप, वैन या हल्का मोटर वाहन	0.65
हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्का माल वाहन या मिनी बस	1.05
बस या ट्रक (दो धुरियां)	2.20
तीन-धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन	2.40

वाहन का प्रकार	**प्रति किमी शुल्क की आधार दर (रुपए में)**
भारी निर्माण मशीनरी (एचसीएम) या अर्थ मूविंग इक्विपमेंट (ईएमई) या बहु धुरीय वाहन (एमएवी) (चार से छह धुरियां)	3.45
विशाल आकार के वाहन (सात या अधिक धुरियां)	4.20

(ख) से (ङ): विस्तृत जाँच और टोल से संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिए सलाहकार के रूप में मैसर्स बोस्टन कन्सल्टिंग ग्रुप को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा नियुक्त की गयी है।

*****